दिन–रविवार | दिनांक– 26 / 01 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 6.35 बजे से। | अवधिः– 15 मिनट

---

01. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने छिहत्तरवें गणतंत्र दिवस पर राष्ट्र की अगुआई की। राष्ट्रपति ने नई दिल्ली में कर्तव्य पथ पर भव्य परेड की सलामी ली।

02. पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। राज्यपाल ने राज्य वासियों को संबोधित करते हुए कहा– प्रदेश में बारह लाख सरकारी नौकरियां दी जायेंगी।

03. गणतंत्र दिवस परेड में शामिल झांकियों को पुरस्कृत किया गया। उद्योग विभाग को प्रथम, पशु और मत्स्य संसाधन विभाग को द्वितीय और खेल विभाग को तृतीय पुरस्कार मिला।

04. और, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की कल पूर्णियां में होने वाली प्रगति यात्रा स्थगित। अब अट्ठाईस जनवरी को पूर्णियां जायेंगे।

————————————————————————

राष्ट्र आज छिहत्तरवां गणतंत्र दिवस मना रहा है। इस अवसर पर नई दिल्ली में कर्तव्य–पथ पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने ध्वजारोहण किया और परेड की सलामी ली।

———बाईट———

इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांटो इस वर्ष के गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। आज की परेड में देश की सभ्यता, संस्कृति और वैज्ञानिक प्रगति को दर्शाने वाली मनमोहक झांकियां प्रस्तुत की गईं। परेड में तीन सौ कलाकारों ने देशभर के वाद्ययंत्रों की धुन पर सारे जहां से अच्छा का प्रदर्शन किया। समारोह के दौरान हैलिकॉप्टरों ने ध्वज की आकृति में पुष्पवर्षा की। इस वर्ष की परेड में 10 हजार विशिष्ट अतिथि आमंत्रित किये गए थे। इनमें सरपंच, हथकरघा और हस्तशिल्प कारीगर, स्व–सहायता समूहों के सदस्य, आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता तथा सड़क निर्माण से जुड़े कामगार शामिल थे। एक रिपोर्ट–

———बाईट———

झांकियां में टी90 टैंक नाग मिसाइल प्रणाली ब्रह्मोस पिनाक रॉकेट सिस्टम अग्निबाण रॉकेट लांचर आकाश शस्त्र प्रणाली युद्ध के क्षेत्र निगरानी प्रणाली बारहमासी वाहन चेतक और हल्के वाहन बजरंग का प्रदर्शन किया गया। परेड में इंडोनेशिया से 60 सदस्यों की मार्चिंग टुकड़ी और 190 सदस्यों वाले बैंड ने भी भागीदारी की। पहली बार परेड़ में सेना के तीनों अंगों से साझा शक्ति का प्रदर्शन किया गया। हरियाणा की झांकी में भागवत गीता और उत्तर प्रदेश की झांकी में महाकुंभ की झलक देखने को मिला। परेड़ का समापन 47 विमानों के शानदार फ्लाईपास्ट से हुआ। इसमें राफेल, सुखोई, जगुआर,

डोर्नियर विमानों और अपाचे और एमआई–17 हेलीकॉप्टरों ने अपने हैरत अंगेज करतब से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। अनुपम मिश्र, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।

——————————————————————

नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर आठ वर्षों के अंतराल के बाद इस वर्ष बिहार की झांकी भी दिखी। इस झांकी में महात्मा बुद्ध, नालंदा विश्वविद्यालय और राज्य की समृद्ध बौद्धिक विरासत को खूबसूरती से दर्शाया गया।

——————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रीय समर स्मारक जाकर देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की।

——————————————————————

छिहत्तरवें गणतंत्र दिवस के अवसर पर राज्य में मुख्य समारोह पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में आयोजित किया गया। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां ने झंडोत्तोलन किया और परेड की सलामी ली। राज्य वासियों को अपने संबोधन में कहा कि भारत का संविधान सभी नागरिको के लिए सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय सुनिश्चित करता है। इस अवसर पर उन्होंने राज्य सरकार की उपलब्धियों की भी चर्चा की। राज्यपाल श्री खां ने कहा कि राज्य सरकार हमेशा से सुशासन और न्याय के साथ सर्वांगीण विकास के लिए संकल्पबद्ध है।

———बाईट———

श्री खां ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्ववाली सरकार ने अब तक शिक्षा क्षेत्र समेत विभिन्न विभागों में नौ लाख स्थायी सरकारी नौकरियां दी हैं और आगे बारह लाख सरकारी नौकरियां दी जायेगी। राज्यपाल ने कहा कि इस वर्ष 34 लाख लोगों को रोजगार मिल जाएगा।

———बाईट———

राज्यपाल ने कहा कि स्वयं सहायता समूहों के तहत जीविका दीदियों के वित्तीय समावेशन से बड़े पैमाने पर गरीबी कम हुई है।

———बाईट———

इससे पहले गांधी मैदान में विभिन्न अर्ध सैनिक बलों और सेना की टुकड़ियों ,बिहार पुलिस और एनसीसी की ओर से भव्य परेड का प्रदर्शन किया गया। विभिन्न विभागों की झांकियों ने राज्य की विकसित होती तस्वीर पेश कर सबका मन मोह लिया। उद्योग विभाग की झांकी को प्रथम, पशु और मत्स्य संसाधन विभाग को द्वितीय और खेल विभाग की झांकी को तृतीय स्थान मिला। राज्यपाल ने इस अवसर पर सेना के विभिन्न अंगों के अधिकारियों और कर्मियों को उनके पराक्रमके लिए सम्मानित किया।

————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना में एक अण्णे मार्ग स्थित मुख्यमंत्री आवास में झंडोत्तोलन किया। विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव ने विधानसभा परिसर में झंडा फहराया। जबकि अवधेश नारायण सिंह ने विधान परिषद मे ध्वज फहराया। भाजपा, जदयू, राजद, कांग्रेस, लोजपा आर., वामपंथी दलों के प्रदेश कार्यालय में भी झंडोत्तोलन किया गया। विभिन्न सरकारी विभागों, स्वयंसेवी संस्थानों और शैक्षणिक संस्थानों में भी झंडा फहराया गया। पटना स्थित बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन में अध्यक्ष अनिल सुलभ ने झंडोत्तोलन किया। वहीं, इनर्जी इंटरनेशनल के प्रधान कार्यालय में पटना उच्च न्यायालय के वरीय अधिवक्ता गजेन्द्र कुमार झा ने झंडोत्तोलन किया।

————————————————————————

छिहत्तरवां गणतंत्र दिवस जिला मुख्यालयों में भी समारोह पूर्वक मनाया गया। सहरसा स्टेडियम में कोसी प्रमंडल के आयुक्त राजेश कुमार ने झंडोत्तोलन किया।

————————————————————————

सारण जिला मुख्यालय छपरा के राजेन्द्र स्टेडियम में आयोजित समारोह में जिले के प्रभारी मंत्री सुमित सिंह ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया।

———————————————————————

लखीसराय जिले के गांधी मैदान में प्रभारी मंत्री शीला मंडल ने झंडोत्तोलन किया।

———————————————————————

कटिहार के राजेन्द्र स्टेडियम में आयोजित मुख्य समारोह में प्रभारी मंत्री नीरज कुमार बबलु ने झंडोत्तोलन किया और परेड का निरीक्षण किया।

———————————————————————

जमुई के श्रीकृष्ण सिंह स्टेडियम में प्रभारी मंत्री रत्नेश सादा ने तिरंगा फहराया और परेड की सलामी ली।

———————————————————————

खगड़िया जिला के स्डेडियम मैदान में जिले के प्रभारी मंत्री महेश्वर हजारी ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया।

———————————————————————

कैमूर जिला मुख्यालय भभूआ के जगजीवन स्टेडियम में जिले के प्रभारी मंत्री नितिन नवीन ने झंडोत्तोलन किया।

———————————————————————————

बेगूसराय के गांधी स्टेडियम में प्रभारी मंत्री मंगल पांडेय ने झंडोत्तोलन किया।

समस्तीपुर के पटेल मैदान में जिले के प्रभारी मंत्र श्रवण कुमार ने झंडोत्तोलन किया।

———————————————————————————

दरभंगा के नेहरू स्टेडियम में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में प्रमंडलीय आयुक्त मनीष कुमार ने झंडोत्तोलन किया।

———————————————————————————

गणतंत्र दिवस के अवसर पर विभिन्न जिला मुख्यालयों पर आयोजित समारोहों के दौरान दुर्घटना में घायल लोगों की मदद करने वाले और हादसें में लोगों की जान बचाने वाले लोगों को सम्मानित किया गया। पिछले दिनों कटिहार में गंगा नदी नौका दुर्घटना में आठ लोगों की जान बचाने वाले दो भाइयों सुरेश और गब्बर को राज्य के मंत्री नीरज सिंह बबलू ने सम्मानित किया। आकाशवाणी समाचार से बातचीत में गब्बर ने बताया मौके पर स्थिति को देखते हुए उन्होंने तत्परता दिखाई।

———बाईट———

———————————————————————————

आकाशवाणी की महानिदेशक डॉ. प्रज्ञा पालीवाल गौड़ ने राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली स्थित आकाशवाणी भवन में झंडा फहराया। उन्होंने आकाशवाणी परिसर में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इधर, आकाशवाणी पटना परिसर में उपमहानिदेशक हेमंत सिडाम ने झंडोत्तोलन किया।

———————————————————————————

केंद्र ने एकीकृत पेंशन योजना, यूपीएस के कार्यान्वयन को आधिकारिक तौर पर अधिसूचित कर दिया है। सरकार ने केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के अंतर्गत एक विकल्प के रूप में पिछले वर्ष अगस्त में एकीकृत पेंशन योजना शुरू की थी। यह योजना इस साल एक अप्रैल से लागू होगी।

————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की कल पूर्णियां में होने वाली प्रगति यात्रा स्थगित हो गई है। संशोधित कार्यक्रम के तहत मुख्यमंत्री अब अट्ठाईस जनवरी को पूर्णियां जायेंगे। वे उनतीस जनवरी को कटिहार और तीस जनवरी को मधेपुरा में रहेंगे।

————————————————————————

प्रदेश के विभिन्न भागों में आज भी शीत दिवस की स्थिति दर्ज की गई है। रोहतास के डेहरी में अत्यधिक ठंड के कारण जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। यहां का न्यूनतम तापमान पांच दशमलव पांच डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। वहीं, किशनगंज, सरहसा के अगवानपुर, समस्तीपुर के पूसा, पूर्वी चंपारण के मोतिहारी में शीत दिवस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले तीन दिनों तक राज्य के अधिकतर स्थानों पर न्यूनतम तापमान में परिवर्तन की संभावना नहीं है। इसके बाद दो से तीन डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी की संभावना है। विभाग ने इस दौरान राज्य के उत्तरी भागों में हिमालय के तराई वाले जिलों में घना कोहरा छाया रहने का येलो अलर्ट जारी किया है।

———बाई———

इधर, पटना और आसपास के क्षेत्रों में दिनभर खिली धूप के कारण न्यूनतम तापमान में वृद्धि दर्ज की गई, जिससे लोगों को ठंड से थोड़ी राहत मिली है।

————————————————————————

ठंड में कमी के मद्देनजर पटना जिला प्रशासन ने कल से आठवीं कक्षा तक सभी स्कूलों में पठन—पाठन की अनुमति प्रदान कर दी। जिलाधिकारी डॉक्टर चन्द्रशेखर

सिंह ने अपने आदेश में कहा है कि स्कूलों का संचालन सुबह नौ बजे से अपराह्न तीन बजे तक किया जायेगा।

---

01. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने छिहत्तरवें गणतंत्र दिवस पर राष्ट्र की अगुआई की। राष्ट्रपति ने नई दिल्ली में कर्तव्य पथ पर भव्य परेड की सलामी ली।

02. पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। राज्यपाल ने राज्य वासियों को संबोधित करते हुए कहा– प्रदेश में बारह लाख सरकारी नौकरियां दी जायेंगी।

03. गणतंत्र दिवस परेड में शामिल झांकियों को पुरस्कृत किया गया। उद्योग विभाग को प्रथम, पशु और मत्स्य संसाधन विभाग को द्वितीय और खेल विभाग को तृतीय पुरस्कार मिला।

04. और, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की कल पूर्णियां में होने वाली प्रगति यात्रा स्थगित। अब अट्ठाईस जनवरी को पूर्णियां जायेंगे।

---

समाप्त